## टेडएक्स : ब्रेकिंग द लूप विषय पर हुआ टॉक शो का आयोजन

# टेड टॉक में असफलता से सीख लेने पर दिया जोर

रांची, प्रमुख संवाददाता। टेडएक्स कांके और एक्सआईएसएस रांची की ओर से शनिवार को ब्रेकिंग द लूप विषय पर टॉक शो का आयोजन किया गया। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसेफ मारियानुस कुजूर एसजे ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। आज के इस युग में लोगों के बीच प्रासंगिक होना जरूरी है।

टेडएक्स के क्यूरेटर राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि रांची को ज्ञान केंद्र बनाना और लोगों की सोच को उच्च स्तर तक पहुंचाना ही टेडएक्स, कांके का मूल उद्देश्य है। उद्यमी व शिक्षाविद मेरी स्टेल्ला माइकल ने कहा कि अपने माता-पिता, दोस्तों और अपने आसपास के लोगों को महत्व दें। हो सके तो किसी गांव या बच्चे को गोद लें। रांची मॉल के संस्थापक रोहित त्रिपाठी ने कहा कि अपना सारा जीवन अपने विचारों को देने के लिए तैयार रहे। खुद के साथ प्रयोग करके अपनी क्षमता का विश्लेषण करते रहे।



एक्सआईएसएस में टेडएक्स के सेमिनार के दौरान आयोजक व अतिथि वक्ता।

श्रीधर राजगोपाल ने कहा कि आज के कारोबारी माहौल में अपने विचारों को प्रासंगिक बनाये रखना जरूरी है। रिलायंस जियो के सीईओ शुभ्रो चटर्जी ने कहा कि नेतृत्वकर्ता को हमेशा अपनी सोच में निरंतरता रखनी चाहिए। आईआईएम रांची के असिस्टेंट प्रो गौरव मनोहर मराठे ने कहा कि हमें स्वतंत्र इच्छा और समाज की इच्छा के बीच बुनियादी अंतर को समझना चाहिए। आयोजन को सफल बनाने में कनिष्क पोद्दार, हितेश भगत, शामिक चक्रवर्ती, अमित कुमार, श्रुति सहाय, प्रवीण राजगढ़िया समेत अन्य का योगदान रहा। उद्घाटन समारोह में सुमेधा सेनगुप्ता ने शास्त्रीय नृत्य और व पूजा बियाणी ने डांस थेरेपी का प्रदर्शन किया।

**HINDUSTAN**

# असफलता को सबक के रूप में स्वीकार कर आगे बढ़ें




एक्सआइएसएस के कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व प्रतिभागी • जागरण

**जासं, रांची :** अंतरराष्ट्रीय वैचारिक संस्था टेड-एक्स कांके और जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआइएसएस) रांची ने शनिवार को 'ब्रेकिंग द लूप' विषय पर टेड टाक शो का आयोजन किया। शुरुआत सुमेधा सेनगुप्ता ने शास्त्रीय नृत्य व पूजा बियाणी ने डांस थेरेपी से की गई। एक्सआइएसएस के निदेशक डा जोसफ मारियानुस कुजुर एसजे ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। दोनों संस्था मिलकर समाज को बदलने का प्रयास कर रही हैं। असफलता को सबक के रूप में स्वीकार करते हुए आगे बढ़ते जाना है। टेड-एक्स के क्यूरेटर राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि रांची को ज्ञान केंद्र बनाना व लोगों की सोच को उच्च स्तर तक पहुंचना ही मूल

**रांची को ज्ञान केंद्र बनाना और लोगों की सोच को उच्च स्तर तक पहुंचना ही टेड-एक्स का मूल उद्देश्य**

उद्देश्य है। डा अमर तिग्गा ने कहा कि न्यूयार्क में 2006 में शुरू हुआ टेड-एक्स टाक एक्सआईएसएस रांची में हमारे पास पहुंचा है। दोनों के बीच का सामान्य कारक एक्स है जो सभी के साथ ज्ञान और बुद्धि को साझा करने के प्रयासों का प्रतिनिधित्व करता है। कार्यक्रम में कामाक्षी रमन, सिद्धार्थ त्रिपाठी, रमन झा, पीसी मिश्रा, एचपी बियानी, डा इला बिनायकिया, साकार मोहता आदि शामिल रहे। आयोजन को सफल बनाने में कनिष्क पोद्दार, हितेश आदि का सहयोग रहा।

**DAINIK JAGRAN**


## ‘ब्रेकिंग द लूप’ में पहुंचे वक्ताओं ने आत्मनिर्भर बनने की दी सीख

# खुद का मूल्यांकन करते रहने से नयी चीजें सीखेंगे : सुब्रो चटर्जी

लाइफ रिपोर्टर@रांची

टेडएक्स कांके की ओर से शनिवार को ‘ब्रेकिंग द लूप’ कार्यक्रम का आयोजन हुआ. इसमें शामिल होने के लिए देश भर से सामाजिक कार्यकर्ता, उद्यमी, शिक्षाविद और टेक इंफ्लूएंसर पहुंचे थे. वक्ताओं ने अपने जीवन के सफरनामा से युवाओं को प्रेरित किया. बताया कि लीक से हटकर काम करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इसकी सार्थकता सफल बनने के लिए प्रेरित करती है. आयोजन की शुरुआत ओड़िसी नृत्यांगना सुमेधा सेनगुप्ता की नृत्यनाटिका ‘कृष्ण लीला’ से हुई. वहीं, डांस मूवमेंट थेरेपिस्ट पूजा बियानी ने लोगों को डांस से शरीर को स्वस्थ रखने के गुर बताये.

कार्यक्रम के दौरान रिलायंस जीओ के सीइओ सुब्रो चटर्जी ने कहा कि किसी भी खेल की जीत का श्रेय पूरे टीम को मिलता है. क्योंकि सभी का काम बंटा हुआ होता है और खिलाड़ी अपने काम में शतप्रतिशत देते हैं. ठीक उसी तरह एक कंपनी की सफलता उनके कर्मचारियों के मेहनत से आकी जाती है. मन से किया गया प्रयास ही सफल बनाता है. जीवन को सीखने में बीतायें न कि पैसा कमाने की मशीन बनाकर. लगातार सीखने की प्रवृत्ति रखें. इसके लिए नियमित अपनी कमियों का मूल्यांकन करें, कैसे खुद को बदलाव में ढाल सकते हैं, का प्रयास करना होगा. असफलता को नकारात्मक दृष्टि में न लें, इससे सफल बनने की प्रवृत्ति कम होती है.




टेडेक्स के कार्यक्रम में प्रस्तुति देती नृत्यांगना और संबोधित करते वक्ता.

**लीक से हटकर काम करने पर बनेगी पहचान :** सामाजिक कार्यकर्ता मेरी स्टेला माइकल ने युवाओं को अपनी ताकत खुद बनने की बात कही. उन्होंने अपनी जीवन यात्रा से लोगों को चक्रधरपुर में जरूरतमंदों के लिए तैयार हो रहे संत मेरी स्कूल की कहानी साझा की. ओटिस एलिवेटर के निदेशक श्रीधर राजागोपाल ने ऑनलाइन मार्केट को इस दशक का सबसे सफल काम बताया. रांची मॉल के संस्थापक रोहित त्रिपाठी ने कहा कि जीवन को जुआ न बनाकर खुद को मानसिक रूप से विषम परिस्थितियों के लिए तैयार रखें. कार्यक्रम में आइआइएम रांची के सहायक प्राध्यापक गौरव मनोहर मराठे, टेडएक्स कांके के क्यूरेटर राजीव गुप्ता, एक्सआइएसएस के निदेशक डॉ जोसेफ मरियानुस कुजूर एसजे, डीन एकेडमिक्स डॉ अमर ए तिग्गा समेत अन्य मौजूद थे.

**PRABHAT KHABAR**

# *Speakers share success stories at TEDxKanke*



*The event was organsied by TEDx Kanke and XISS*



PNS ■ RANCHI

International think tank TEDxKanke in association with Xavier Institute of Social Service(XISS), Ranchi organized a TEDx Talk on the theme "Breaking the Loop" on Saturday at XISS, knowledge partner of TEDxKanke. Together the two have collaborated to bring the best Ideators and Innovators from diverse streams with an objective to make a meaningful difference to the community.

TEDxKankeSalon is an event revolving around a globally relevant theme. A condensed version of a TEDx flagship conference, this event is distinct in its brevity and in terms of providing opportunities for conversation, networking, and close interaction between the speaker and audience. Breaking the Loop is about being an iconoclast, blasting the molds, thus ensuring continuous growth in personal, professional, and public life to benefit the community, society, and humanity as a whole.

The event commenced with the lighting of the lamp and a welcome note from Dr Joseph Marianus Kujur SJ, Director, XISS, expressing warm wishes to the attendees. He said, "World is changing fast and so is the market and in order to be relevant in the market we must listen to others' ideas and adapt or relearn. Together, XISS and TEDxKanke are transforming society and conditioning it to make it a better place."

On this occasion, Sumedha Sengupta performed classical dance and Pooja Biyani performed dance therapy. Rajeev Kumar Gupta, Curator, TEDxKanke welcomed the audience and shared that "Making Ranchi Knowledge Center and trying to reach people deep inside to their souls is raison d'être of TEDx Events".

Speakers of the TEDxTalk

MARY STELLA MICHAEL, (Entrepreneur, educationist, social worker) - "Let the weak say, I am strong.' "Value your parents, friends and the people around you. If possible, adopt a village or a child. Help people by standing courageously against any obstacle."

ROHIT TRIPATHI, (Founder Ranchi Mall) - "The value of taking asymmetric bets in your life' "Be ready to give your ideas all your life. Keep experimenting with yourself and analyzing your potential."

SRIDHAR RAJAGOPAL, (Director, Otis Elevator Co.) - 'When The Last Mile is the First.' "It is important to keep your ideas relevant in today's business environment. Today the business pattern is changing. Therefore, it is necessary to design the products in a new way."

SUBHRO CHATTERJEE, (CEO, Reliance Jio) - 'Leaders for Tomorrow.'

A leader should always be consistent in his thinking. One should always try something new to accept failure as a learning and move forward."

GAURAV MANOHAR MARATHE, (Assistant Professor, IIM RANCHI) - 'Humans are good or bad? Rather, complex and beautiful!' "We should understand the basic difference between free will and the will of the society. Man is not good or bad, he is unique or complex."

THE GUEST speakers were presented with Mementos and the session ended with a vote of thanks by Dr Amar E. Tigga, Dean Academics, XISS, who apprised that,"TED was started in 1984 in New York, and the TEDxTalk has reached us here in XISS Ranchi and the commonality between the two is the 'x'factor which represents our efforts of sharing knowledge and wisdom with all."

TEDxKanke team includes Kanishka Poddar, Shamik Chakraborty, Hitesh Bhagat, Alok Kumar, Amit Kumar, Pravin Rajgadia, CM Chugh, Anup Prasad, Nitish Swarup along with Aayurshi, Shruti Sahay, and students of XISS from programmesin Human ResourceManagement, Marketing Management, and Financial Management who volunteered and made this event a grand success.

The TEDxKankeSalon Talk was attended by 100 guests from Governments, Industries, Academia, and Students, which included Ms Kamakshi Raman (Executive Director) IICM Ranchi, Mr Siddharth Tripathi (IFS) Senior Government Servant, Mr Raman Jha, VC Amity University Jharkhand, Mr P C Mishra, Rtd ED Coal India Ltd, Mr HP Biyani Entrepreneur, and Industrialist and many more from different industries and educational institutions.






# युवा धैर्य के साथ बढ़े आगे मिलेगी सफलता

GANDIV REPORTER

रांची। टेडएक्सकांके और एक्सआईएसएस ने संयुक्त रूप से ब्रेकिंग द लूप विषय टॉक शो का आयोजन किया। जिसमें अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने वाले विशेषज्ञों ने अपने अनुभवों का छात्रों के बीच साझा किया। विशेष ने छात्रों को बताया कि इस तरह के आयोजनों से उन्हें नई नई जानकारियां मिलेगी। जो उन्हें पढ़ाई के साथ भविष्य में सहायता पहुंचाएंगे। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं को धैर्य के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। पढ़ाई और कार्य के दौरान कई बार असफलता हाथ लगेगी। लेकिन बगैर इसकी चिंता करते हुए आगे बढ़ते रहे सफलता जरूर मिलेगी।

# BIRSA GANDIV

# लोगों के बीच प्रासंगिक होना महत्वपूर्ण- डॉ जोसफ




**संवाददाता द्वारा**

**रांची,** टेडएक्स कांके और एक्सआईएसएस रांची की ओर से शनिवार को ब्रेकिंग द लूप विषय पर टॉक शो का आयोजन किया गया। एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। आज के इस युग में लोगों के बीच प्रासंगिक होना महत्वपूर्ण है। टेडएक्स के क्यूरेटर राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि रांची को ज्ञान केंद्र बनाना और लोगों की सोच को उच्च स्तर तक पहुंचाना ही टेडएक्स, कांके का मूल उद्देश्य है। उद्यमी व शिक्षाविद मेरी स्टेल्ला माइकल ने कहा कि अपने माता-पिता, दोस्तों और अपने आसपास के लोगों को महत्व दें। हो सके तो किसी गांव या बच्चे को गोद लें। रांची मॉल के संस्थापक रोहित त्रिपाठी ने कहा कि अपना सारा जीवन अपने विचारों को देने के लिए तैयार रहे। खुद के साथ प्रयोग करके अपनी क्षमता का विश्लेषण करते रहे।

श्रीधर राजगोपाल ने कहा कि आज के कारोबारी माहौल में अपने विचारों को प्रासंगिक बनाये रखना जरूरी है। रिलायंस जियो के सीईओ शुभ्रो चटर्जी ने कहा कि नेतृत्वकर्ता को हमेशा अपनी सोच में निरंतरता रखनी चाहिए। आईआईएम रांची के असिस्टेंट प्रो गौरव मनोहर मराठे ने कहा कि हमें स्वतंत्र इच्छा और समाज की इच्छा के बीच बुनियादी अंतर को समझना चाहिए। आयोजन को सफल बनाने में कनिष्क पोद्दार, हितेश भगत, शामिक चक्रवर्ती, अमित कुमार, श्रुति सहाय, प्रवीण राजगढ़िया समेत अन्य का योगदान रहा। उद्घाटन समारोह में सुमेधा सेनगुप्ता ने शास्त्रीय नृत्य और व पूजा बियाणी ने डांस थेरेपी का प्रदर्शन किया।

**ADIVASI EXPRESS**

टेडएक्स कांके और एक्सआइएसएस के टॉक शो में 'ब्रेकिंग द लूप' विषय पर वक्ताओं ने साझा किये विचार

# असफलता को हमेशा सबक के रूप में स्वीकार करके आगे बढ़ें

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** अंतराष्ट्रीय वैचारिक संस्था टेडएक्स कांके और एक्सआईएसएस, रांची ने शनिवार को ब्रेकिंग द लूप विषय पर टेड टॉक शो का आयोजन किया। टॉक शो की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर सुमेधा सेनगुप्ता ने शास्त्रीय नृत्य व पूजा बिवाणी ने डांस थेरेपी का प्रदर्शन किया। टॉक शो में एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजुर एसजे ने स्वागत भाषण में कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। आज के इस युग में लोगों के बीच प्रासंगिक होना महत्वपूर्ण है।

टेड एक्स के क्यूरेटर राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि रांची को ज्ञान केंद्र बनाना और लोगों की सोच को उच्च स्तर तक पहुंचना ही टेडएक्स कांके का मूल उद्देश्य है। उद्यमी, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता मेरी स्टेल्ला माइकल ने कहा कि अपने माता-पिता, दोस्तों और अपने आसपास के लोगों को महत्व दें। हो सके तो किसी गांव या बच्चे को गोद लें। किसी भी बाधा के खिलाफ साहस के साथ खड़े रह कर लोगों की मदद करें।

रांची मॉल के संस्थापक रोहित त्रिपाठी ने कहा कि अपना सारा जीवन अपने विचारों को देने के लिए तैयार रहें। खुद के साथ प्रयोग करके अपनी क्षमता का विश्लेषण करते रहें। ओटिस लिफ्ट कंपनी के निदेशक श्रीधर राजगोपाल ने कहा कि आज के कारोबारी माहौल में अपने विचारों को प्रासंगिक बनाये रखना जरूरी है। आज व्यवसाय का पैटर्न बदल रहा है। इसलिए उत्पादों को नये तरह से डिजाइन करना आवश्यक हैं।

रिलायंस जियो के सीइओ शुभ्रो चटर्जी ने कहा कि नेतृत्वकर्ता को हमेशा अपनी सोच में निरंतरता रखनी चाहिए। असफलता को सीख के रूप में स्वीकार करने और आगे बढ़ने के लिए हमेशा कुछ नया करने का प्रयास करना चाहिए। आईआईएम रांची के असिस्टेंट प्रोफेसर गौरव मनोहर मराठे ने कहा कि हमें स्वतंत्र इच्छा और समाज की इच्छा के बीच बुनियादी अंतर को समझना चाहिए। मनुष्य अच्छा या बुरा नही होता, वह अनोखा या जटिल होता है। कार्यक्रम मे विभिन्न सरकारी संस्थाओं, औदयोगिक क्षेत्र की हस्तियां, एजुकेस्टनिस्ट, एवं छात्र छात्राओं ने भाग लिया। जिनमें कामाक्षी रमन, सिद्धार्थ त्रिपाठी, रमन झा, पीसी मिश्रा, एचपी बियानी, डाक्टर इला बिनायकिया, साकार मोहता प्रमुख है। कार्यक्रम का संचालन आरजे राशी एवं धन्यवाद ज्ञापन डीन एकेडमिक्स डॉ अमर तिग्गा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में कनिष्क पोद्दार, हितेश भगत, शामिक चक्रवर्ती, अलोक कुमार, नितिका ठाकुर, सी एम चुग, अनुप प्रसाद, नितीश स्वरूप, अमित कुमार, श्रुति सहाय, आयुर्शी, प्रवीण राजगढ़िया एवं एक्सआईएसएस की वोलेंटियार टीम का योगदान रहा।

**AZAD SIPAHI**

**Current Khabar News:-**

## TEDEX Kanke और XISS द्वारा आयोजित 'Breaking The Loop' TED TALK में वक्ताओं ने विचार प्रस्तुत किए

### हमें तोड़ने होंगे परिवारिक, सामाजिक, व्यवसायिक, बंधनों को – TEDEX KANKE




**क्षमता का विश्लेषण के लिए खुद के साथ प्रयोग करते रहें।**

**बाधा के खिलाफ साहस के साथ खड़े रहें। असफलता को सबक के रूप में स्वीकार कर आगे बढ़े**

**अंतर्राष्ट्रीय वैचारिक संस्था टेडएक्स कांके और ज़ेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची ने शनिवार को "ब्रेकिंग द लूप" विषय पर टेड टॉक शो का आयोजन किया। टॉक शो की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर सुमेधा सेनगुप्ता ने शास्त्रीय नृत्य व पूजा बियाणी ने डांस थेरेपी का प्रदर्शन किया।**




**TALK SHOW में XISS के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजुर एसजे ने स्वागत भाषण में कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। आज के इस युग में लोगों के बीच**

# CURRENT KHABAR

# एक्सआईएसएस ने किया ब्रेकिंग द लूप टेड टॉक का आयोजन

Social News Search • September 18, 2022

**रांची** : अंतरराष्ट्रीय वैचारिक संस्था टेड एक्स कांके और एक्सआईएसएस (XISS) रांची ने ब्रेकिंग द लूप विषय पर टेड टॉक शो का आयोजन किया. एक्सआईएसएस(XISS) के निदेशक डॉक्टर जोसेफ मारियानुस कुजूर एसजे ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है. आज के युग में लोगों के बीच प्रासंगिक होना महत्वपूर्ण है. टेड एक्स कांके और एक्सआईएसएस मिलकर समाज को बदलने का प्रयास कर रहे हैं.

## लोगों की सोच को उच्च स्तर तक पहुंचाना उद्देश्य : राजीव कुमार गुप्ता

टेड एक्स के क्यूरेटर राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि रांची को ज्ञान केंद्र बनाना है. लोगों की सोच को उच्च स्तर तक पहुंचाना ही हमारा मूल उद्देश्य है. सामाजिक कार्यकर्ता मेरी स्टेल्ला माइकल ने कहा कि अपने माता-पिता दोस्तों और अपने आसपास के लोगों को महत्व दें.

## अपने विचारों को देने के लिए तैयार रहें : रोहित त्रिपाठी

रांची माल के संस्थापक रोहित त्रिपाठी ने कहा कि अपना सारा जीवन अपने विचारों को देने के लिए तैयार रहें. ओटिस लिफ्ट के निदेशक श्रीधर राजगोपाल रिलायंस जियो के सीईओ शुभ्रो चटर्जी आईआईएम रांची के गौरव मनोहर मराठे ने भी उद्गार व्यक्त किए. कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी संस्थानों औद्योगिक क्षेत्रों शिक्षाविद एवं छात्र- छात्राओं ने भाग लिया.

DESPRAAN

# हमें तोड़ने होंगे परिवारिक, सामाजिक, व्यवसायिक, राजनितिक बंधनों को: टेडएक्स




**क्षमता का विश्लेषण के लिए खुद के साथ प्रयोग करते रहें**

**बाधा के खिलाफ साहस के साथ खड़े रहें**

**असफलता को सबक के रूप में स्वीकार कर आगे बढ़े**

**टेडएक्स कांके और एक्सआईएसएस ने किया टॉक शो का किया**

**ब्रेकिंग द लूप' विषय पर वक्ताओं ने साझा किए विचार**

**रांची। अंतराष्ट्रीय वैचारिक संस्था टेडएक्स कांके और एक्सआईएसएस, रांची ने शनिवार को "ब्रेकिंग द लूप" विषय पर टेड टॉक शो का आयोजन किया। टॉक शो की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।**

# JHARKHAND SANDESH

# टेडएक्स कांके व एक्सआईएसएस के आयोजित ब्रेकिंग द लूप टेड टॉक में वक्ताओं ने विचार प्रस्तुत

पंच संवाददाता

रांची। अंतर्राष्ट्रीय वैचारिक संस्था टेडएक्स कांके और जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची ने शनिवार को ब्रेकिंग द लूप विषय पर टेड टॉक शो का आयोजन किया। टॉक शो की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर सुमेधा सेनगुप्ता ने शास्त्रीय नृत्य व पूजा बियाणी ने डांस थेरेपी का प्रदर्शन किया। टॉक शो में एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजुर एसजे ने स्वागत भाषण में कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। आज के इस युग में लोगों के बीच प्रासंगिक होना महत्वपूर्ण है। टेडएक्सकांके और एक्सआईएसएस मिलकर समाज को बदलने का प्रयास कर रहे हैं और इस समाज को एक बेहतर जगह बनाने का प्रयास कर रहे हैं। टेड एक्स के क्यूरेटर राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि रांची को ज्ञान केंद्र बनाना और लोगों की सोच को उच्च स्तर तक पहुंचना ही टेडएक्स कांके का मूल उद्देश्य है। टेडएक्सटॉक के स्पीकर्स : उद्यमी, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता मेरी स्टेल्ला माइकल ने कहा कि अपने माता-पिता, दोस्तों और अपने आसपास के लोगों को महत्व दें। हो सके तो किसी गांव या बच्चे को गोद लें। किसी भी बाधा के खिलाफ साहस के साथ खड़े रहकर लोगों की मदद करें। रांची मॉल के संस्थापक रोहित त्रिपाठी ने कहा कि अपना सारा जीवन अपने विचारों को देने के लिए तैयार रहें। खुद के साथ प्रयोग करके अपनी क्षमता का विश्लेषण करते रहें। ओटिस लिफ्ट कंपनी के निदेशक श्रीधर राजगोपाल ने कहा कि आज के कारोबारी माहौल में अपने विचारों को प्रासंगिक बनाये रखना जरूरी है। आज व्यवसाय का पैटर्न बदल रहा है। इसलिए उत्पादों को नए तरह से डिजाइन करना आवश्यक हैं। रिलायंस जियो के सीईओ शुभ्रो चटर्जी ने कहा कि नेतृत्वकर्ता को हमेशा अपनी सोच में निरंतरता रखनी चाहिए। असफलता को सीख के रूप में स्वीकार करने और आगे बढ़ने के लिए हमेशा कुछ नया करने का प्रयास करना चाहिए। आईआईएम रांची के असिस्टेंट प्रोफेसर गौरव मनोहर मराठे ने कहा कि हमें स्वतंत्र इच्छा और समाज की इच्छा के बीच बुनियादी अंतर को समझना चाहिए।

- हमें तोड़ने होंगे परिवारिक, सामाजिक, व्यवसायिक, बंधनों को - टेडएक्सकांके
- क्षमता का विश्लेषण के लिए खुद के साथ प्रयोग करते रहें
- बाधा के खिलाफ साहस के साथ खड़े रहें
- असफलता को सबक के रूप में स्वीकार कर आगे बढे



# PUNCH